**Nai Dunia (Indore), 21st April 2021, Page-5**

# अगले सत्र से आइआइटी इंदौर में चार नए कोर्स

इंदौर। जुलाई 2021 से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी इंदौर) में चार नए पीजी कोर्स शुरू किए जाएंगे। दो वर्षीय एमटेक और एमएस कोर्स में सत्र 2020-21 के लिए प्रवेश दिया जाएगा। आनलाइन पोर्टल के जरिए विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए संस्थान जल्द ही तारीख घोषित करेगा। संस्थान में आठ यूजी और 29 पीजी कोर्स संचालित किए जा रहे हैं।

अगले सत्र में एमटेक इन इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलाजी, एमटेक इन अंतरिक्ष इंजीनियरिंग और खगोल विज्ञान, एमएस इन अंतरिक्ष विज्ञान और एमएस इन मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान ये चार नए कोर्स शुरू होंगे। शिक्षकों का कहना है कि अंतरिक्ष इंजीनियरिंग में बुनियादी अवधारणाओं और स्पेस सिस्टम इंजीनियरिंग के बारे में विद्यार्थियों को पढ़ाया जाएगा। देश में अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। संस्थान में शोध-आधारित शिक्षण में लगे हुए लगभग 155 संकाय सदस्यों द्वारा आठ अंडर ग्रेजुएट (पांच मेजर और तीन माइनर) और 29 पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स संचालित किए जा रहे हैं।